हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 25 अगस्त 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 देवनारायण कथा का समापन, निकाला ...
07 शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही शिकायत निस्तारण ...





## खबर संक्षेप में



### 27 से 10 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू

**सीहोर।** आगामी गणेश चतुर्थी पर शहर के प्राचीन स्वयंभू पेशवा कालीन श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में 27 अगस्त से 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन होगा। कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक शुक्ला ने अधिकारियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मेला परिसर और मार्गों पर बिजली के कनेक्शन सुरक्षित स्थानों पर रखने और नो-मैन जोन बनाने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग के कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी रहेगी। आयोजन स्थल पर एम्बुलेंस, जीवन रक्षक दवाएं और मिनी आईसीयू सेटअप की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन किए जाएंगे। कंट्रोल रूम में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

### 24 घंटे में 0.46 इंच गिरा पानी

**सीहोर।** पिछले 24 घंटे में जिले में 0.46 इंच औसत बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश सीहोर में 0.92 इंच रही। इसके बाद आष्टा में 0.79 इंच और श्यामपुर में 0.59 इंच गिरा पानी। इछावर में 0.43 इंच, भैरूंदा में 0.28 इंच, रेहटी में 0.28 इंच, बुधनी में 0.20 इंच और जावर में 0.16 इंच वर्षा दर्ज की गई। एक जून से अब तक जिले में 30.68 इंच औसत वर्षा हुई है। पिछले साल इसी अवधि में 31.62 इंच वर्षा हुई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 45.21 इंच है। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार एक जून से 22 अगस्त तक बुधनी में सबसे ज्यादा 42.32 इंच वर्षा हुई। रेहटी में 40.33 इंच, इछावर में 30.21 इंच, सीहोर में 29.82 इंच, भैरूंदा में 29.53 इंच, श्यामपुर में 28.38 इंच, आष्टा में 24.25 इंच और जावर में 20.56 इंच बारिश दर्ज की गई।

### अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी-पंडाल की सज्जा करें

**सीहोर।** गणेशोत्सव त्यौहार तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए विद्युत वितरण कंपनियों ने माकूल प्रबंध किए हैं। बिजली कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाँकियों में बिजली साज-सज्जा,नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें।

### स्वप्नों को सिर धर पालनाजी झुलाए, केसर-कुमकुम के छापे लगाये

# 'त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की' नारों के साथ निकाला जुलुस

### *भगवान महावीर स्वामी का जन्मवांचन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया*







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**जैन समाज का पर्यूषण पर्व**

जैन धर्म के अंतिम 24 वें तीर्थंकर एवं अहिंसा व करुणा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्मवांचन समारोह जैन धर्मावलंबियो द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। माता त्रिशला देवी द्वारा देखे गए 14 स्वप्नों के 14 प्रतीक चिन्हों, पालनाजी में भगवान को झुलाने तथा पालना जी को घर ले जाने के साथ विभिन्न आरतियों की बोलियां लगाई गई। लाभार्थी परिवार द्वारा स्वप्नों की पूजा कर उन्हे सिर पर धरकर सभी को दर्शन करवाये गये। इस दौरान समाजजनों द्वारा एक दूसरे को केसर-कुमकुम के छापे लगाये तथा भगवान के जन्म की बधाईयां दी गई। मंदिर जी में परमात्मा की आकर्षक व मनमोहक अंगी रचना की गई। जन्मोत्सव के बाद नगर में गाजे-बाजे के साथ भगवान के पालना जी की शोभायात्रा निकाली गई, प्रभावना का वितरण भी हुआ। स्थानीय जैन समाज में इस वर्ष पयूर्षण पर्व आराधना धूमधाम से चल रही है। रविवार को भगवान महावीर का जन्मवांचन समारोह प.पू.प्र.म. चंद्रप्रभा श्री जी महाराज साहब की सुशिष्या रत्न निधि म.सा. पुण्य निधि म.सा. कलानिधि म.सा. श्रद्धानिधि म.सा. प्रज्ञा निधि म.सा. के पावन सानिध्य में मनाया गया। रत्ननिधि म.सा. द्वारा कल्पसूत्र आगम शास्त्र का वांचन कर भगवान के जन्म का दृष्टांत समाजजनों को सुनाया गया। भजन गायक युवराज पंवार सुनेल (राज.) द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई।

दोप. 1 बजे से जैन आराधना भवन में भगवान महावीर का जन्मवांचन समारोह प्रारम्भ हुआ। जिसमें माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्नो हाथी, वृषभ, सिंह, लक्ष्मी देवी, पुष्पमाला, चंद्र, सूर्य, इंद्रध्वजा, कुंभकलश, पद्मसरोवर, क्षीरसमुद्र, देवविमान, रत्नराशि, निधूर्मअग्नि के प्रतीक चिन्हों, भगवान के जन्म की आरती, पालना जी झुलाने व पालना जी घर ले जाने की बोलियां लगाई गई। सर्वाधिक बोली भगवान के पालनाजी को घर पर ले जाने की रही। बोली का लाभ लाभमल शिखरचंदजी तिलगोता परिवार द्वारा लिया गया। भगवान के जन्म की आरती का लाभ गुप्त परिवार की ओर से सुंदर कुमार दीपचंद सकलेचा परिवार द्वारा की गई।

मंगल आरती की बोली का लाभ प्रेमचंद जितेंद्र कुमार सकलेचा द्वारा लेकर मंदिर जी में आरती की गई। भगवान पार्श्वनाथजी की आरती गुप्त लाभार्थी परिवार द्वारा ली गई। दादा गुरूदेव व नवपदजी की आरती, गौतम स्वामी की आरती के साथ ही अन्य आरती लाभार्थी परिवार द्वारा की गई। भगवान के पालनाजी को घर पर ले जाने की बोली का लाभ लाभमल शिखरचंद तिलगोता परिवार द्वारा लिया जाकर गाजे -बाजे के साथ भगवान को अपने घर पर श्रीसंघ के साथ ले जाया गया। 14 स्वप्नो में सर्वाधिक लक्ष्मीदेवी की पूजन का लाभ ज्ञानचंद राहुल कुमार फाफरिया परिवार द्वारा लेकर सभी लाभार्थियों द्वारा स्वप्नो को सिर पर धरकर सभी को दर्शन करवाये। भगवान के जन्मवांचन के बाद प्रथम केसर पूजा करने का लाभ सुरेश कुमार पुनीत कुमार काठेड़ परिवार द्वारा लिया गया। पालनजी में परमात्मा की रजत प्रतिमा को विराजमान करने का लाभ हिम्मतमल रमेशचंद फाफरिया परिवार द्वारा लिया गया। जन्म वाचन के बाद भगवान की रजत प्रतिमा को लाभार्थी परिवारों द्वारा रत्नों का हार, पुष्प माल स्वर्ण माल मोतियों की माल लाभार्थी परिवारों द्वारा पहनाई गई। जन्मवांचन के बाद उपस्थित समाजजनों ने खोपरा ,गोले , केसर कुमकुम के छापे लगाकर बधाईयां दी गई। जन्मोत्सव समारोह के बाद सभी लोग गाजे-बाजे के साथ जूलूस के रुप में मंदिर जी पहुंचे, जहां जन्म की आरती की गई।

### पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

## पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी पहुंचे मां के दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय विनायक जोशी विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी के दरबार मे पहुंचे जहां उनके द्वारा दर्शन पूजन कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। दर्शन पूजन उपरांत श्री जोशी सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहाँ उन्होंने विशेष हवन अनुष्ठान किया। हवन अनुष्ठान के बाद आश्रम पर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज ( पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संजय जोशी के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा नरेंद्र वेदिया भाजपा मंडल महामंत्री रितेश सोनी पार्षद गोवर्धन वेदिया अनुज ठाकुर सुनील पाटीदार आदि पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया।

## युवक के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की सनसनी घटना

### मैसेज को क्लिक करने पर कटे बैंक खाते से 15 लाख रुपए

**नलखेड़ा।** नगर के इतिहास में ऑनलाइन धोखाधड़ी की सबसे बड़ी घटना हुई है जिसमे एक युवक को आये एक व्हाट्सएप मैसेज को क्लिक करते ही उसके बैंक खाते से 15 लाख 29 हजार 400 रुपये कट गए। युवक द्वारा पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन दिया गया है जिस पर पुलिस जांच में जुट गई है। नगर के मशीनरी एवं पार्ट्स का व्यवसाय करने वाले मोहित पिता जगदीश गुप्ता को शनिवार को एक व्हाट्सएप मैसेज आया जिसे उनके द्वारा दोपहर लगभग 12 बजे क्लिक किया गया। उसके बाद वे अपने व्यापार में लग गए। शाम 7 बजे के लगभग उन्होंने मोबाइल चेक किया तो उनके होश उड़ गए। उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 15 लाख 29 हजार 400 रुपये कट गए। जब उनके द्वारा जिस नंबर से मैसेज आया था उस नंबर पर फोन लगाया तो उन्होंने बताया कि उनका नंबर भी किसी के द्वारा हैक किया हुआ है। मोहित गुप्ता द्वारा शनिवार रात्रि को ही जिला पुलिस अधीक्षक को उनके साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत की गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। युवक के साथ हुई इस सनसनीखेज ऑनलाइन धोखाधड़ी के बाद नगर के व्यापारियों में घबराहट फैल गई है। क्योंकि अब अधिकांश भुगतान यूपीआई व अन्य तरीकों से ऑनलाइन होने लगे है ऐसे में अन्य के साथ इस प्रकार के फर्जी मैसेज से धोखाधड़ी नही हो जाये इसको लेकर घबराहट है।

## गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने चंद्रयान को डिजाइन कर मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान और रॉकेट्री के प्रति आकर्षण और रोचकता पैदा करने के लिए नगर के गुरुकुल कान्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में सबसे पहले चंद्रयान लूनर लैंडर को चंद्रमा पर साफ्टलैंडिंग में आने वाली समस्याओं को प्रयोगात्मक रूप से समझने के लिए पहले चरण में विद्यार्थियों के लिए ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन के समन्वयक शैलेंद्र कसेरा के मार्गदर्शन में चंद्रयान सॉफ्ट लैंडिंग प्रतियोगिता करवाई गई।

जिसमे स्कूल के बच्चों द्वारा चंद्रयान का लैंडर मॉडल डिजाइन कर आसपास के सामान्य घरेलू वस्तुओ से बनाने का लक्ष्य दिया गया। जिसके लिए सभी को समान संसाधन और समय सीमा के साथ दिया गया और इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं की टीम के द्वारा अपनी इंजीनियरिंग प्रतिभा का परिचय देते हुए चंद्रयान की अलग-अलग मॉडलों को डिजाइन किया गया। सभी चंद्रयान लैंडर मॉडलों को ऊंचाई से गिराकर मॉडल के डिजाइन का परीक्षण किया गया। इस प्रतियोगिता के द्वारा छात्र-छात्राओं की टीमो को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विज्ञान के सिद्धांतों का प्रायोगिक रूप से मॉडल को डिजाइन करने में प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं की टीमो द्वारा डिजाइन किए गए मॉडलों को ऊंचाई से गिराकर चंद्रयान लैंडर के सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की टेस्टिंग की गई। इसके बाद कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वाटर रॉकेट मॉडल की लांचिंग था जिसमे बच्चों द्वारा पानी की बोतल से रॉकेट बनाकर इसका प्रक्षेपण किया गया। जिससे बच्चों को विज्ञान के सिद्धांतो को प्रयोगात्मक रूप से स्वयं परीक्षण करके मॉडल रॉकेटरी के रूप में रॉकेट पर लगने वाले सभी बिंदुओं को परीक्षण के द्वारा निकटता से समझने का मौका मिला। स्कूल के प्राचार्य कमलकिशोर पाटीदार द्वारा बताया गया कि इस संपूर्ण कार्यक्रम से बच्चों को भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान में भारत की विकास यात्रा को प्रयोगात्मक रूप से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम मे समस्त शिक्षक स्टाफ का अंतरिक्ष विज्ञान के रोचक कार्यक्रम में सहयोग प्राप्त हुआ।

### मानव तस्करी व बाल अपराध के संबंध में कानूनी जानकारी की प्रदान

## गुदरावन में हुआ विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





तहसील के ग्राम गुदरावन में दो अलग अलग स्थानों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष तहसील विधिक द्वारा नागरिकों को आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह कुशवाह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा के आदेशानुसार ग्राम पंचायत गुदरावन में दो अलग-अलग स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम गुदरावन स्थित पंचायत भवन एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नितिन सोनी द्वारा निशुल्क एवं सक्षम विधि सहायता योजना, नेशनल लोक अदालत, मानव तस्करी एवं बाल अपराध के संबंध में कानूनी जानकारी प्रदान की गई तथा उपस्थित नागरिकों एवं विद्यार्थियों के विधि के कानूनी प्रश्नों के उत्तर दिए गए। शिविर का संचालन नायब नाजिर रवि शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर उपसरपंच सुरेश शर्मा एवं स्कूल प्राचार्य श्रीमती आरती सोनी, नारायण सोंधिया सहित शिक्षक - शिक्षिकागण मौजूद रहे।

### किसानों का जल सत्याग्रह आंदोलन

## थाली बजाकर जताया विरोध, अफसरों ने किसानों के बीच नदी में जाकर लिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


किसानों का जल सत्याग्रह शनिवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। थाली बजाकर किसानों ने अपनी नाराज़गी जताई और प्रशासन को चेताया कि जब तक फसल बीमा राशि का भुगतान नहीं होगा, उनका आंदोलन जारी रहेगा। सीहोर जिले की सीवन नदी में किसान पानी में खड़े होकर अपनी आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। इस दौरान प्रशासनिक अमला और कृषि विभाग के अधिकारी शनिवार को सीवन नदी पहुंचे और किसानों की बात सुनी। अधिकारी खुद पानी में उतरकर किसानों के बीच गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन लिया। कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कमल सिंह ठाकुर ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग शासन तक पहुँचाई जाएगी।

जल सत्याग्रह का नेतृत्व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा और किसान नेता हिम्मत सिंह मेवाड़ा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि बीमा योजना का लाभ राजस्थान से एक साथ जारी किया गया।

### गंदगी से लोगों का जीना हुआ मुहाल, जिम्मेदार कब देंगे ध्यान ?

# मुख्य मार्ग पर गंदगी के ढेर, नाले में डाला कचरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित सिविल अस्पताल के बाहर कचरे व गंदगी का ढेर लगा हुआ है वही अस्पताल के समीप स्थित नाले में कचरा व अन्य मटेरियल फेंककर उसे भी कचरे का नाला बनाने का प्रयास किया गया है। स्थानीय नगर परिषद के जिम्मेदार लगातार सफाई अभियान चलाने का दावा कर रहे है लेकिन बिगड़ी सफाई व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नही ले रही है। आलम यह है कि जिस शासकीय अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ो मरीज अपना उपचार करवाने आते है उसके आसपास ही गंदगी का साम्राज्य स्थापित है।

नगर के प्रवेश द्वार पर मुख्य मार्ग पर स्थित सिविल अस्पताल के मुख्य द्वार के समीप ही लगा कचरे का ढेर नगर परिषद व अस्पताल प्रबंधन की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहा है। वर्षाकाल में कचरे के ऐसे ढेर गीले होकर बदबू भी मारने लगते है ऐसे में अस्पताल में उपचार करवाने आने वाले मरीजों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ सकता है। इसी सिविल अस्पताल के समीप आमला-नलखेड़ा मार्ग पर एक नाला स्थित है। इस नाले में अस्पताल की ओर कचरा व अन्य मटेरियल फेंका गया है जिसके कारण नाला भी गंदगी व कचरे से भरा रहा है और उससे बदबू उठ रही है। नगर के प्रवेश द्वार व मुख्य मार्ग जहाँ गंदगी का साम्राज्य है वहाँ से प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थी मां बगलामुखी मंदिर के लिए निकलते है ऐसे में नगर की स्वच्छता को लेकर निश्चित रूप से वे अच्छे विचार लेकर नही जाते होंगे।

### वर्षाकाल के पूर्व नही हुई नाले की सफाई

कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी नगर में बहने वाले उक्त नाले की सफाई वर्षाकाल के पूर्व नही करवाई गई थी। यदि वर्षाकाल के पूर्व नाले की सफाई का कार्य हो जाता तो निश्चित रूप से नाले की गदंगी के साथ ही फेंके गए कचरे व अन्य मटेरियल को साफ किया जा सकता था जिससे बदबू व मच्छर पैदा नही होते।

### स्थानीय शासन मंत्री का है संभावित दौरा

आगामी 31 अगस्त को प्रदेश के शहरी विकास व आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नगर में विकास कार्यो के लोकार्पण व भूमिपूजन हेतु दौरा संभावित है जोकि इसी मार्ग से पहुंचेंगे। ऐसे में नगर परिषद के जिम्मेदारों द्वारा मुख्य मार्ग सहित नाले की समुचित सफाई करवाई जाना चाहिए।

### इनका कहना है

सफाई अभियान अंतर्गत सफाई करवाते हैं।

**विजय बहादुरसिंह,** सीएमओ नप नलखेड़ा

खबर संक्षेप

## पुलिस ने नाबालिग लड़की को ढूंढ निकाल परिजनों को सौंपा

**चापडा**। नगर में एक नाबालिग अपनी बुआ के यहां रहने आई थी, जहां से एक लड़के के साथ कहीं चली गई थी, जिसकी शिकायत पुलिस सहायता केंद्र चापडा पर दर्ज कराई गई। शिकायत दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर, पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया व्दारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आपरेशन मुस्कान के तहत 4 घंटे में ही नाबालिक को ढूंढ कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि उक्त मामले में नाबालिक के साथ कोई गंभीर घटना ना हो इसलिए त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए सूचना मिली कि नाबालिग लड़की व युवक दोनों इंदौर तरफ बस में बैठकर गए हैं, जिस पर तत्काल इंदौर में मुखबिर तंत्र के माध्यम से इंदौर से दोनो को सुरक्षित पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना कमलापुर लाया गया, बाद में उनके परिजन को सुपुर्द किया गया। अपने बच्चों को सकुशल देखकर माता-पिता परिजन के चेहरे पर मुस्कान आई एवं उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यवाही मे उपेन्द्र नाहर थाना प्रभारी कमलापुर, उप. निरी. राकेश नरवरिया, सचिन, विवेक, बलराम का सराहनीय योगदान रहा है।

## राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण और कांस्य पदक मिला

**देवास**। जिला रोल बॉल एसोसिएशन के संचालक संदीप जाधव ने बताया कि 23 एवं 24 अगस्त 2025 इंदौर में अंडर 11 एवं 14 वर्ग की राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें देवास जिले के अंडर 11 में मितांश काले, चिराग राणे, लव पटेल, लक्षजीत ठाकुर ,हर्ष कुशवाह ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वही अंडर 14 बालक टीम में राघव काले, कृष्ण कामदार, सूफियान हुसैन ,फैजान हुसैन, शुभांकर पात्रा दिव्यांश वर्मा, अभय चौहान, देवेंद्र जयसवाल टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। कोच और मेनेजर तन्मय मेहता, देवराज सांगते, सूरज वामनिया, सुनील मालवीय विशाल सिंह इस सफलता में मुख्य भूमिका निभाई। खिलाड़ियों को गायत्री राजे पवार विधायक देवास, ओलिंपिक संघ सचिव अनवर खान, हेमेंद्र निगम काकू, विशाल शर्मा, पवन यादव, पावन पाटिल, शैलेंद्र चंद्रवंशी, सदस्य अश्विनी जाधव, अपर्णा यादव, किरण राव, खुशबू पाटिल, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह सोलंकी आदि ने बधाई दी।

### उज्जैन से मक्सी जा रहे वाहन में मिला किया गया कटिंग का माल

# भोपाल-इंदौर बायपास पर पुलिस ने नाकाबंदी कर माल के साथ दो आरोपियों को धर दबोचा

### ट्रक सहित 36 लाख से अधिक की माल पुलिस ने किया जब्त बच्चों के कपड़े, दवाईयां मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के नाहर दरवाजा थाना पुलिस को शनिवार रात को मुखबिर से सूचना मिली कि एक आयशर ट्रक में चोरी का सामान लेकर दो लोग जा रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर बायपास मार्ग पर नाकाबंदी की। मुखबिर के बताए अनुसार ट्रक को आता देख उसे रोककर चेक करने पर ट्रक में 36 लाख रुपए से अधिक की सामाग्री जब्त पाई गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों ट्रक के साथ गिरफ्तार किया। नाहर दरवाजा थाना प्रभारी मंजू यादव ने बताया कि 23 अगस्त की रात्रि को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक जिसमें चोरी का सामान है उसे दो लोग मक्सी की ओर लेकर जा रहे हैं।

पुलिस ने सूचना पर बायपास मार्ग जेल चौराहे पर नाकाबंदी की, भोपाल-इंदौर बायपास मार्ग पर ट्रक को आता देख पुलिस ने उसे रोका आयशर वाहन में बैठे एक युवक ने पुलिस को देखकर गेट खोलकर भागने की प्रयास किया। जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास एक सिल्वर रंग की पिस्टल व जिंदा 1 राउंड मिला व दूसरे को गाडी में उतारकर वाहन में भरे माल के बारे में पूछताछ करने पर उसने बताया कि माल चोरी का है। बायपास पर वाहनों में चढ क़र माल चोरी कर के लाए हैं। ट्रक में बच्चों के कपड़े, दवाईयां मिली है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 25, 27 आम्र्स एक्ट व 35 (1) (ई), 106 बीएनएस व 303 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

### 36 लाख रुपए से अधिक की सामाग्री जब्त

थाना प्रभारी मंजू यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बायपास जेल चौराहे स्थित मार्ग पर नाकाबंदी की थी, वहां आयशर वाहन को जब्त कर थाने लेकर आए वाहन में मेडिसिन थी, वाहन चालकों से पूछताछ करने पर पता चला कि वह उज्जैन से मक्सी की ओर जा रहे थे। आरोपियों में सुनिल गुदेन पिता बाबु टोपिया उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम भेरवाखेड़ी धतुरिया रोड थाना टोंकखुर्द, आकाश गुदेन पिता धर्मेंद्र गुदेन उम्र 25 वर्ष निवासी देव मुंडला थाना टोंकखुर्द है। दोनों चिड़ावद के रहने वाले कंजर है। आरोपियों के पास से जिंदा कारतूस के साथ देशी पिस्टल जिसकी अनुमानित कीमत 15 हजार रुपए, आयशर वाहन जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपए, दवाईयां 19 लाख 65 हजार रुपए, 1 लाख 75 हजार 800 रुपए के बच्चों के कपड़े सहित कुल 36 लाख 70 हजार 800 रुपए की सामाग्री जब्त की है।

### इनका रहा सराहनीय कार्य

आरोपियों को पकडऩे में नाहर दरवाजा थाना प्रभारी मंजू यादव, सउनि डीपी माछीवाल, सुमरत धुर्वे, प्रआर नतिश, यशवंत, धर्मराज, भगवान आर नवदीप, विकास, धर्मेन्द्र का योगदान रहा।

## ट्राले की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत

### अतिक्रमण के कारण हुई दुर्घटना



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



रविवार को देवगढ़ रोड कृषि उपज मंडी चौराहे पर सीमेंट से भरे ट्राले ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार देवगढ़ की ओर से आ रहे पाटीदार छात्रावास अध्यक्ष रामप्रसाद पाटीदार को सामने से आ रहे ट्राले ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार ट्राले के टायर में आ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक को घायल अवस्था में सिविल अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उपचार के दौरान घायल को मृत घोषित कर दिया ।पाटीदार समाज छत्रावास के अध्यक्ष रामप्रसाद पाटीदार के सड़क दुघर्टना का समाचार नगर में सुनते ही सिविल अस्पताल में लोगों की भिड़ जमा हो गई।रामप्रसाद पाटीदार समाजसेवी के साथ ही नगर के प्रतिष्ठ व्यापारी थे। उनकी सड़क दुघर्टना का समाचार सुनकर नगर का माहौल गमगीन हो गया। रामप्रसाद पाटीदार के मित्र जगदीश यादव ने बताया कि दुर्घटना से एक घंटे पहले नगर में जाट समाज द्वारा तेजाजी महाराज की प्रतिमा का जुलुस निकाला गया था।नगर में हुई सड़क दुघर्टना से कई सवाल खड़े हुए हैं। नगरवासियों का कहना है कि नगर में यातायात की कोई व्यवस्था नहीं है। नगर के मुख्य मार्ग पर आवागमन बहुत बढ़ गया है और नगर में सड़क तक अतिक्रमण फैला हुआ है। अधिक संख्या में दुकानदारों द्वारा सड़क पर ही दुकाने संचालित की जा रही है। वाहन चालकों द्वारा वाहन सड़क पर ही खड़े किए जा रहे हैं। नगर का मुख्य मार्ग नेवरी बागली मार्ग, देवगढ़ रोड,पर दुकान संचालकों ने बिच रोड पर दुकानें लगा रखी है। देवगढ़ रोड पर वाहन चालकों द्वारा जहां जगह मिली वहां वहान खड़े किए जा रहे हैं। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस द्वारा लगाये गए बेरियर अव्यस्थित है, जो प्रतिदिन दुर्घटनाओ को निमंत्रण दे रहे हैं।

## क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत



**देवास**। क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत के इंदौर से देवास आगमन पर देवास रसलपुर बायपास पर क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत और प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा, मध्य प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष मनजीत कीर्ति राजसिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संगीता सिंह, अजय सिंह राठौर का स्वागत जिला देवास जिला प्रभारी ज्ञान सिंह दरबार, जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जिला महामंत्री कल्याणसिंह दरबार द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुलाबसिंह ठाकुर, जितेन्द्र मकवाना, राजेश दरबार, राजेश बालोदिया, अनिलसिंह, शुभमसिंह चंदेल, राजकुमार बालोदिया, जितेन्द्र बालोलिया, रूदनसिंह राठौर, आयुषसिंह बारोड़ आदि उपस्थित थे।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन



**बागली**। बागली के ग्राम महिगांव में विगत 7 दिवस से चल रही संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सात दिवसीय कथा का भक्ति के साथ आनंद लिया। इस बीच कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन कर महाआरती की एवं श्रीमद् भागवत कथा के कथा वाचक पण्डित दीपक महाराज का फूल माला व साल श्रीफल से स्वागत कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक कन्नौजे ने ग्रामीणों के साथ चल रहे भण्डारे में प्रसादी ग्रहण की व क्षेत्र की कुशल क्षेम की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्रीय पूर्व विधायक कन्नौजे सहित तमाम भक्त गण भाजपा कायकर्ता आदि मौजूद रहे।

## अगेरा पंचायत और आरंभ संस्था की पहल से लगे सुरक्षा साइन बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




ग्राम अगेरा में 23 अगस्त को बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा को लेकर ऐतिहासिक कदम उठाया गया। सरपंच यदुराज सिंह सेंधव ने फोर लेन सड़क पर सुरक्षा संबंधी साइन बोर्ड का उद्घाटन किया। अब विद्यालय जाने वाले बच्चों को सड़क पार करने में पहले से अधिक सुरक्षा मिलेगी।

इस अवसर पर पतंग केंद्र पर विद्यालय बैग भी वितरित किए गए, जिससे बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। यह पहल आरम्भ संस्था और ग्राम पंचायत के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। संस्था ने लंबे समय से बच्चों की सुरक्षा के मुद्दे को पंचायत और समुदाय के सामने उठाया, जिसके चलते यह ठोस निर्णय संभव हुआ। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय शिक्षिकाएँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अभिभावक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। आरम्भ संस्था से अनामिका वैष्णव, राकेश बगानिया एवं मधुसूदन बड़ोलिया उपस्थित थे।

## नेमावर का पुराना नर्मदा पुल रिपेयरिंग के लिए बंद, यातायात प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के अंतिम छोर पर बसे नेमावर में इंदौर–बैतूल हाईवे पर स्थित करीब 45 साल पुराने नर्मदा पुल को मरम्मत कार्य के लिए रविवार सुबह 9 बजे से बंद कर दिया गया है।

हाईवे विभाग ने पुल के दोनों सिरों—नेमावर और हंडिया—पर बेरिकेड लगाकर आवागमन पूर्ण रूप से रोक दिया है।ने शनल हाईवे विभाग के इंजीनियर दीपक मीना ने बताया कि पुल जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके चलते सुरक्षा कारणों से इसे तत्काल रिपेयरिंग हेतु बंद करना पड़ा। मरम्मत कार्य पूरा होने में लगभग एक माह का समय लगेगा। विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि हरदा की ओर जाने के लिए फोरलेन हाईवे के नए पुल का उपयोग करें। कार्य पूर्ण होने के बाद पुराने पुल को पुनः आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। प्रशासन ने जनता से सहयोग करते हुए वैकल्पिक मार्ग अपनाने और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। जल्द ही पुल की मरम्म्त हो जाएगी।

## तिरुपति यात्रा से लौटने पर यात्रियों का किया स्वागत



**चापडा**। बागली तहसील के चापड़ा नगर से यात्रियों का एक जत्था तिरुपति बालाजी दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुए था ,जो की 12 दिन की यात्रा पुर्ण कर शनिवार शाम को चापडा नगर पहुंचा। जहां पर परिजनों द्वारा यात्रियों का स्वागत किया गया। 12 दिनों के दौरान तिरुपति बालाजी सहित अन्य कहीं धार्मिक स्थलों पर दर्शन किए गए। साथ ही नगर एवं क्षेत्र की सुख शांति की कामना की गई। यात्रियों ने बताया कि यात्रा के दौरान दक्षिण भारत में स्थित प्राचीन धरोहर एवं धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर दर्शन किए। सभी यात्रियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और आतिशबाजी की गई। इस दौरान आनंदीलाल पाटीदार,दिनेश पाटीदार, मुकेश विश्वकर्मा,पवन पाटीदार, सुरेश पाटीदार,लाला कार्पोरेट सहित परिजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## देवनारायण कथा का समापन, निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



भगवान देवनारायण की कथा हमें सिखाती है कि बुराई से लड़कर सच्चाई की रक्षा करनी चाहिए, असहायों की मदद करनी चाहिए, और गायों व पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। उक्त बातें नगर में ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय भगवान देवनारायण कथा के समापन अवसर पर कथा वाचक प्रभुलाल पंडा ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कही। पंडा ने श्रोताओं को बताया कि भगवान देवनारायण की कथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, सच्चा जीवन जीने, और दूसरों की सेवा करने के महत्व पर जोर देती हैं, जिससे समाज में शांति और अच्छाई स्थापित होती है। उनकी कथाएँ ईश्वरीय शक्ति और चमत्कारों का वर्णन करती हैं। इससे भक्तों को ईश्वर में आस्था रखने और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रोता कथा सुनने पहुंचे। आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। रूप केलाश यादव,संजय धनगर, रवि धनगर,धीरज धनगर, किशोर यादव ने बताया कि सभी दानदाताओं एवं नगर वासियों के सहयोग से यह आयोजन किया।

## सेन थॉम एकेडमी ने इंटरस्कूल हेरिटेज क्विज़ में मारी बाज़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड ने अनामय स्कूल में आयोजित इंटरस्कूल हेरिटेज क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में शहर के सात विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी तीव्र बुद्धि, टीम भावना तथा सांस्कृतिक धरोहर के प्रति गहरी रुचि का प्रदर्शन किया।सेन थॉम एकेडमी का प्रतिनिधित्व सुदर्शन गोट्टी कक्षा पांचवीं, कार्तिक पंत कक्षा चौथी और धैर्यवी सिसोदिया कक्षा तीसरी ने किया। उनके उत्कृष्ट सामंजस्य और ज्ञान ने उन्हें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिलाया। क्विज़ न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान की परीक्षा थी, बल्कि इसने टीम भावना और त्वरित सोच को भी उजागर किया। सेन थॉम एकेडमी विजेता बनकर उभरी और विजेताओं को स्मृति-चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने विजेताओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शेखावत और प्रदेश अध्यक्ष राणा ने ली प्रेस वार्ता

# नवंबर में होने वाले क्षत्रिय क्रांति महासम्मेलन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



क्षत्रिय करणी सेना के जिला प्रभारी ज्ञानसिंह दरबार, जिलाध्यक्ष योगेन्द्रसिंह ठाकुर के नेतृत्व में क्षत्रिय करणी सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत, प्रदेश अध्यक्ष इंदलसिंह राणा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संगीता सिंह, महिला प्रदेश अध्यक्ष कीर्ति राजसिंह, राहुल सिंह राजपूत, अजय सिंह राठौर के देवास आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात भोपाल चौराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर डॉ. राज शेखावत द्वारा माल्यार्पण किया गया। देवास सर्किट हाउस में नवम्बर में होने वाले क्षत्रिय करणी सेना के महासम्मेलन को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें डॉ. शेखावत ने बताया कि क्षत्रिय करणी सेना के एवं सर्वसमाज के सम्मान में युवाओं के भविष्य, किसानों की समस्या, धर्म संस्कृति की रक्षा, देश के वीरों के हित में अब ठोस कदम उठाना आवश्यक है तथा सभी क्षत्रिय समाज एवं सर्व समाज द्वारा माह नवम्बर में क्षत्रिय क्रांति महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें 10 सूत्रीय मांगों हरदा प्रकरण में दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही, आर्थिक आरक्षण 20 प्रतिशत, अग्नि वीर योजना समाप्त कर स्थाई भर्ती बहाल, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा, जन संख्या अनुपात में सत्ता में भागीदारी, किसानों की फसलों पर एमएसपी कानून एवं नुकसान का मुआवजा, इतिहास, संस्कृति, महापुरूषों के सम्मान की रक्षा, मठ मंदिरों की जमीन पुजारी को लौटाई जाना प्रमुख हैं। हमारे महापुरूषों एवं देवी देवताओं व सनातन धर्म पर गलत टिप्पणी करने वालों के लिए कानून बनाए जाने की मांगों को रखा जाएगा। क्षत्रिय करणी सेना, सर्व समाज, सनातन धर्म को मानने वालों से आयोजित महासम्मेलन को सफल बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर पोप सिंह परिहार, सर्वसमाज विकास मंच ईश्वर सिंह राजपूत, गुलाब सिंह ठाकुर, अजय सिंह रघुवंशी, लोकेन्द्र सिंह झाला, महेश राजपूत, डॉ. रामकिशन दांगी, बालकृष्ण दांगी, राम चौहान, राजेश दरबार, जितेन्द्र मकवाना, जितेन्द्र बालोदिया, कल्याण सिंह दरबार, यशदीप कोशिक, गोविंद मलतारे, राहुल सिंह ठाकुर, प्रेमसिंह परदेशी, रमेश सिंह सेंगर, बीएन सिंह, दिग्विजयसिंह राठौर, अमृत सिंह राजपूत, राजकुमार सिंह, सचिन ठाकुर, आदित्य सिंह परिहार, करणसिंह परिहार, सुरेन्द्र सिंह बैस, जयसिंह राठौर, शिवराजसिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज, सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी क्षत्रिय करणी सेना के नगर अध्यक्ष रूदन सिंह राठौर ने दी। आभार शुभम सिंह चंदेल ने माना।

## खबर संक्षेप



### मेडिकल कालेज में डॉक्टरों को बांटे टैबलेट

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में डॉक्टरी की शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रो को शनिवार को टैबलेट वितरण किए गए जिसमें प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला व सदर विधायक रामरतन कुशवाहा,अपर जिला अधिकारी अंकुर एवं समस्त डॉक्टर स्टाफ व छात्र / छात्राएं उपस्थित रहे।


### खाद के साथ किसानों को रसीद देने का आदेश

**ललितपुर।** बीज वितरण केन्द्रों से किसानों को बीज दिये जाने के साथ रसीद न देने का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने इसे नितान्त आपत्तिजनक बताते हुये आदेश जारी किया है कि जनपद में संचालित समस्त बीज वितरण केन्द्रों, उर्वरक डी.ए.पी. केन्द्रों (शासकीय एवं अशासकीय) पर बीज एवं खाद वितरण के समय किसानों को रसीद अवश्यक रुप से प्रदान की जाय। यदि केन्द्र पर रसीद दिया जाना नहीं पाया जाता है तो यह माना जायेगा कि उस केन्द्र पर बीज/खाद का वितरण नहीं किया गया है। सम्बन्धित विभागीय अधिकारी इसका प्रभावी एवं पारदर्शी रुप से अनुपालन सुनिश्चित करायें।

### श्रीहनुमान मंदिर से चोरी कर भाग रहे बदमाश को पकड़ा

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम दैलवारा में रहने वाले नरेश पटैरिया पुत्र केशवदास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ग्राम जैरवारा स्थित श्रीहनुमान मंदिर का पुजारी है। बताया कि शनिवार को सुबह करीब 8 बजे वह मंदिर की पूजा करने के लिए पहुंचा, तभी एक अज्ञात व्यक्ति मंदिर में रखी दान पेटी को उठाकर चोरी से ले जा रहा था। उन्होंने उक्त युवक को रोका तो वह भागने लगा। पुजारी के चिल्लाने पर गांव के प्रान सिंह पुत्र कुंवरजू लोधी, बलराम सिंह पुत्र नाथूराम, कप्ताप सिंह पुत्र नन्हें राजा मौके पर आ गये, जिनकी मदद से उक्त व्यक्ति को मय दानपेटी के पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम तालबेहट के ग्राम दिगारा निवासी रामस्वरूप पुत्र हरसिंह पाल बताया गया। दान पेटी में कुल 6390 रुपये थे, जिनको चोरी करके उक्त व्यक्ति अपने साथ ले जा रहा था। उन्होंने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी। पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने उक्त चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) व 317 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### डीएम ने प्रशासनिक अफसरों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिए प्रशासनिक फेरबदल किया है। इसके तहत उप जिलाधिकारी की तैनाती में बदलाव किया गया है। उप जिलाधिकारी न्यायिक तालबेहट अभिजीत सिंह को उप जिलाधिकारी तालबेहट बनाया गया है। वहीं, उप जिलाधिकारी तालबेहट भूपेंद्र सिंह को उप जिलाधिकारी न्यायिक पाली, नवागुंतक उप जिलाधिकारी रजनीश कुमार को उप जिलाधिकारी महरौनी, उप जिलाधिकारी महरौनी मदनमोहन गुप्ता को उप जिलाधिकारी न्यायिक तालबेहट, तहसीलदार पाली पीयूष भार्गव को तहसीलदार पाली, तहसीलदार तालबेहट नरेंद्र चंद्र को तहसीलदार न्यायिक तालबेहट, तहसीलदार ललितपुर भानुप्रताप सिंह को तहसीलदार महरौनी, तहसीलदार महरौनी सईद तनवीर हसन को तहसीलदार ललितपुर, नायब तहसीलदार तालबेहट रवींद्र कुमार को नायब तहसीलदार बनाया गया है।

## दिव्यांग युवती के पास स्वयं उठकर पहुंचे जिलाधिकारी, शिकायत का कराया निस्तारण

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही शिकायत निस्तारण का होगा मानक: डीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद ललितपुर के जिलाधिकारी अमनदीप डुली द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए की जा रही पहल लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। इसी क्रम में उन्होंने गत दिनों में प्राप्त 175 शिकायतों की गहन समीक्षा रविवार को अवकाश के दिन भी की, जिसमें से जिलाधिकारी की लगातार मॉनीटरिंग से 104 शिकायतें पहले ही अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दी गईं थीं, शेष लम्बित व असंतुष्ठ 84 शिकायतों को जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी व उनके शिकायतकर्ताओं के साथ बुलाकर अधिकतर शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण कराया, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हुए। इस विशेष जनसुनवाई में उन्होंने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं के साथ बुलाया और प्रत्येक मामले की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया, वहीं निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा के दौरान कई शिकायतों का समाधान तत्काल मौके पर ही कर दिया गया। जिन शिकायतकर्ताओं की समस्याएँ लंबे समय से लंबित थीं, वे जिलाधिकारी की सक्रियता से प्रभावित होकर भावुक हो उठे और हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पहली बार उन्हें यह अनुभव हुआ कि प्रशासन उनकी समस्याओं को इतनी गंभीरता से सुनता है और उसी समय समाधान सुनिश्चित करता है। कुछ शिकायतें जो पूर्व में प्राप्त हुई थीं, जिनका निस्तारण हो चुका था, उनके शिकायतकर्ता संतुष्ठ होकर जिलाधिकारी को धन्यवाद देने उपस्थित हुए थे। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि प्रशासन की यह पहल उन्हें विश्वास और राहत प्रदान करने वाली है। कई शिकायतकर्ताओं ने खुले शब्दों में कहा कि जिलाधिकारी द्वारा अवकाश के दिन भी समस्याओं को सुनना और समाधान कराना एक अनुकरणीय कार्य है।

**शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहे :** जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहे और प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में, गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को न्याय दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जन-हित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिये। अमनदीप डुली ने जिले का चार्ज लेते ही जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये थे, इसके लिए उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर निस्तारण का समय निर्धारित किया।

### विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएं

*बैठक के दौरान जनपद में एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों, निशुल्क शिक्षा का अधिकार के तहत गरीब बच्चों के नामांकन का विवरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से तलब किया और निर्देश दिए कि विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएं। एक शिकायतकर्ता के घर के ऊपर से हाई वोल्टेज लाइन हटाने संबंधी शिकायत का निस्तारण न होने पर अधिशासी अभियंता विद्युत पर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल कार्य शुरू कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए गए शिकातकर्ता गौरीशंकर ने राशन कार्ड सम्बंधी शिकायत की थी, जिसमें जिलाधिकारी की तत्परता के कारण आज शिकायतकर्ता को राशनकार्ड जारी कर उपलब्ध कराया गया, जिस पर शिकायतकर्ता ने हाथ जोड़कर जिलाधिकारी का धन्यवाद किया। सभागार में ही एक दिव्यांग युवती रोशन की मकान पर अवैध कब्जा की शिकायत पर जिलाधिकारी स्वयं उठकर उनके पास पहुंचे और उनकी समस्या सुनकर अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।*

### आयुष्मान कार्ड की समस्या के निस्तारण किया

*महरौनी के ग्राम दलवारा निवासी शिकायतकर्ता मुन्नालाल ने अपनी शिकायत में बताया कि पुलिस और राजस्व की उपस्थिति में हदबंदी कर पत्थर लगाये गए थे, जो विरोधियों ने उठा कर फेक दिये गए थे, जिसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी को निर्देश दिये कि वह क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक के द्वारा ऐसे लोगों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करायी जाए। गंभीर रुप से बीमार चल रही शिकायतकत्री छायादेवी के इलाज में बाधक हो रहे आयुष्मान कार्ड की समस्या के निस्तारण हेतु मानवीय संवेदनाओं को दर्शाते हुए उच्चाधिकारियों ने अपने ही फोन से अपलोड कर स्वास्थ्य विभाग के लखनऊ के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर कार्ड जनरेट कराया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी अभिजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र, अधिशासी अभियंता जल निगम, विद्युत व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।*

## जैन साध्वी के चित्र पर चप्पल मारने और कालिख पोतने का मामला

# वीडियो वायरल होने पर सर्व समाज में आक्रोश व्याप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गुजरे दिन ललितपुर को कलंकित और शर्मशार कर गया। जैन समाज के पचास के करीब महिला, पुरूष, बुजुर्ग और लड़कों ने धर्म की मर्यादा को तार तार करते हुये जैन साध्वी बृम्हचारणी दीदी और बाल बृम्हचारी के चित्र पर चप्पल और कालिख पोत कर जैन धर्म के अहिंसक सिद्धांत को तिलांजलि दे दी। पूरे मामले का वीडियो वायरल होने के बाद ललितपुर की सर्व समाज में आक्रोश व्याप्त है। मामले में पुलिस की लचर कार्यप्रणाली जनचर्चा का विषय बनी हुई है। लोग प्रशासन से कार्यवाही की मांग कर रहे है वही जैन समाज से एक धड़े ने शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से सर्व समाज के साथ शांति जलूस निकाल कर मामले में कार्यवाही के लिये की मांग को लेकर जिला प्रशासन को पत्र सौंपा।

ज्ञापन देने आये लोग एक वाट्सएप मेसेज का स्क्रीनशॉट लिये थे जिसमें मंच से गंदगी फैलाता एक शूकर को लेकर कुछ पंक्तियां लिखी थी पूरे मेसेज मे कही किसी साधु, श्रावक, संत का नाम नही था फिर भी कुछ लोगों ने मामले को अनावश्यक तूल देते हुए उसे एक मुनि से जोड दिया। पूरे मेसेज मे ऐसा कुछ नही है जो विवाद का कारण हो। लोगो का कहना था कि क्या पूरे देश में एक ही मंच है और भी मंच है पर इस पूरे प्रकरण को तूल देकर कुछ लोग अपना अहम शांत करना चाहते थे जिसकी परिणति में चाहे पूरे शहर का माहौल ही क्यो ना बिगड़ जाये। लगभग तीन वर्ष पहले एक पत्रकांड को लेकर आचार्यश्री विद्यासागर महाराज को बदनाम करने के रूप में था उसे पत्र कांड में सागर निवासी साध्वी रेखा दीदी का नाम सुर्खियों में रहा जिन्होंने पत्र कांड का खुलासा करते हुए ललितपुर की जैन समाज के शीर्ष पदाधिकारी शामिल हो ना पाया गया था। सागर पुलिस द्वारा शामली पर कार्यवाही की गई थी जिसमें एक विशेष संगठन के पदाधिकारी की भागीदारी देखी गई थी हाल ही में अशोकनगर में जैन मंदिर में मुनि श्री के प्रवचन के दौरान संतोष कुमार पटना द्वारा आचार्य श्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा द्वारा अपमानित करने का कुचक्र रचा जिसको लेकर जैन समाज भारी आक्रोश है। शहर का जैन समाज दो हिस्सों में बंट गया एक तबका मुनि श्री के समर्थन में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचा।

## ठगी के मामले में डा. पुरोहित पर तीसरी एफआईआर दर्ज

# 5.90 लाख रुपए हड़पने का आरोप एसपी के आदेश पर जांच हुई शुरू

■ पांच दोस्तों को मेडीकल कॉलेज में नौकरी लगवाने का दिया था लालच

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में किसी न किसी पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने के प्रकरण थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ललितपुर पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले एक डाक्टर के खिलाफ तीसरी एफआईआर दर्ज की है। इस बार महरौनी कोतवाली अंतर्गत ग्राम चढ़रऊ में रहने वाले प्रसिद्ध निरंजन पुत्र रामदयाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में पीड़ित ने ग्राम खितवांस निवासी डा.पंकज पुरोहित पुत्र रामगुलाम पुरोहित पर मेडीकल कॉलेज में वार्ड व्याय पद पर सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 5 लाख 90 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। प्रसिद्ध निरंजन ने एसपी को बताया कि बीते एक वर्ष पहले उसका सम्पर्क खितवांस निवासी डा.पंकज पुरोहित से हुआ था। इस दौरान डा.पंकज पुरोहित ने अपनी पहचान सरकारी स्कूलों उच्चाधिकारियों तक बताते हुये मेडीकल कॉलेज में वार्ड बाय की परमानेन्ट नौकरी खाली होने की बात कही, जिसे लगवा देने का पक्का भरोसा भी पंकज पुरोहित ने किया। नौकरी लगवाने के नाम पर पंकज पुरोहित ने उससे रुपयों की मांग की। इस पर पीड़ित ने अपने पांच दोस्तों से सलाह-मशवरा कर डा.पंकज पुरोहित को 5 लाख 90 हजार रुपये दे दिये।

# श्रद्धा से मनाया श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीगुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। सुबह से श्रीसहज साप्ताहिक पाठ साहिबजी का समापन व लंगर की सेवा स्व.स.अवतार सिंह के परिवार व निशान साहब के चोले की सेवा सरदार सुरेंद्र सिंह अरोड़ा परिवार द्वारा हुई।

मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाशन वर्ष 1604 में दरबार साहिब में सिखों के पांचवें गुरुश्री अर्जुन देवजी ने पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब को प्रकाशित किया था। तब से हर साल श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी का प्रकाश गुरुपर्व पूरी धार्मिक श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाता है। इसे आदि ग्रंथ के नाम से जाना जाता है। गुरु ग्रन्थ साहिबजी का पहला प्रकाश अगस्त 1604 को हरिमंदिर साहिब अमृतसर में हुआ। 1705 में



दमदमा साहिब में दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंहजी ने गुरु तेगबहादुरजी के 116 शब्द जोड़कर इसको पूर्ण किया। इनमें कुल 1430 पृष्ठ है। गुरु ग्रंथ साहिबजी का प्रकाश पर्व सिख धर्म का सबसे प्रमुख पर्व है। यह पर्व हमें सिखाता है कि ज्ञान का प्रकाश ही जीवन का सच्चा मार्गदर्शन है। जैसे सूर्य अंधकार मिटाता है, वैसे ही गुरु ग्रंथ साहिब का उपदेश अज्ञान और दुःख को दूर करता है। इस दौरान सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह, परशन सिंह, अवतार सिंह, सतनाम सिंह, चमेल सिंह, गुरदेव सिंह, दलजीत सिंह, राजू सिंधी, कन्हैयालाल चंदानी, डा.जे.एस.बख्शी, हरजीत सिंह, गुनबीर, सिंह, बलजीत सिंह सलूजा, डा.सौरभ देवलीया, शुभम देवलिया, अरविंदर सिंह, मनजीत सिंह परमार, मुकेश सूरी, ऋषि मोहन दुबे, विनय सिन्हा, स्वप्निल बरिया, हरिनारायण चौबे, विकास सिंघई आदि उपस्थित थे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साइबर क्राइम मामले में गिरफ्तारी को अवैध ठहराया

# अभियुक्तों की निजी मुचलके पर रिहाई का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ललितपुर साइबर क्राइम थाना में दर्ज एफआईआर (प्र.सू.रि. संख्या 0012/2025) के तहत की गई गिरफ्तारी को अवैध ठहराते हुए अभियुक्तों चाहत राजा और पुष्पेन्द्र उर्फ कल्लू राजा की 20 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहाई का आदेश दिया। 1 मई 2025 को दर्ज इस एफआईआर में अभियुक्तों पर बी.एन.एस. 2023 की धारा 318(4), 316(2) और आईटी एक्ट 2008 की धारा 66-सी, 66-डी के तहत आरोप लगाए गए थे। दोनों को 7 जून 2025 को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने पाया कि गिरफ्तारी से पहले बी.एन.एस.एस. 2023 की धारा 35(3) के अंतर्गत अनिवार्य नोटिस जारी नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट के अरनेश कुमार बनाम बिहार राज्य (2014) केस का हवाला देते हुए अदालत ने इस गिरफ्तारी को विधि-विरुद्ध करार दिया। हम सभी राज्य सरकारों को निर्देश देते हैं कि वे अपने पुलिस अधिकारियों को यह आदेश दें कि जब भी धारा 498-ए आईपीसी जैसे प्रकरण दर्ज हों, तो वे स्वतः गिरफ्तारी न करें, बल्कि पहले यह सुनिश्चित करें कि गिरफ्तारी की आवश्यकता वास्तव में है या नहीं। इसके लिए धारा 41 दंप्रसं (सीआरपीसी) वर्तमान धारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35 में बताए गए मापदंडों का पालन करना होगा। हर पुलिस अधिकारी को एक चेकलिस्ट दी जाए, जिसमें धारा 41(1)(बी)(आई.आई.) के उपबंध शामिल हों। गिरफ्तारी करने की स्थिति में वह अधिकारी उस चेकलिस्ट को भरकर और गिरफ्तारी की आवश्यकता व कारणों को लिखित रूप में प्रस्तुत करेगा। जब आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाए, तो मजिस्ट्रेट उस रिपोर्ट को देखेगा और केवल तब ही आगे की हिरासत की अनुमति देगा जब उसे संतोष हो कि गिरफ्तारी आवश्यक थी। यदि आरोपी को गिरफ्तार न करने का निर्णय लिया गया है, तो इसकी सूचना भी दो सप्ताह के भीतर मजिस्ट्रेट और जिले के पुलिस अधीक्षक को दी जानी चाहिए। यदि पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो वे न केवल विभागीय कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होंगे, बल्कि अवमानना के भी दोषी ठहराए जा सकते हैं। अभियुक्तों के अधिवक्ता सौरभ नायक ने कहा कि गिरफ्तारी बिना नोटिस हुई, जिससे मुवक्किलों के संवैधानिक अधिकारों का हनन हुआ। वहीं, सहायक शासकीय अधिवक्ता ने भी स्वीकार किया कि गिरफ्तारी से पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया था। उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए और अभियुक्तों को निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। मजिस्ट्रेट को 2 सितंबर की अगली सुनवाई पर पुलिस कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। फैसला दर्शाता है कि साइबर क्राइम मामलों में भी गिरफ्तारी तभी वैध होगी जब वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया जाए।

## सहकार भारती की बैठक में वार्ता

# डेलीगेट बनाकर पदाधिकारी बन सकते

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सहकार भारती की बैठक आयोजित हुई है। बैठक में प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे, प्रदेश मंत्री सतीश कठेरिया, विभाग संयोजक झांसी विभाग आंचल अरजरिया, एफपीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सुरेंद्र पस्तोर, श्रम प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सहसंयोजक बृजेश गुप्ता उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री ने सहकारिता के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला एवं 5 अक्टूबर को होने वाले पैक्स प्रकोष्ठ के प्रदेश अधिवेशन में अधिक से अधिक सोसाइटियों के सचिवों की सहभागिता करने के लिए कहा। प्रदेश मंत्री ने कहा कि सहकार भारती राष्ट्र का सबसे बड़ा



संगठन है। संगठन के माध्यम से आप विभिन्न सोसाइटियों में डेलीगेट बनाकर पदाधिकारी बन सकते हैं। विभाग संयोजक ने जनपद की समस्त तहसीलों में कमेटियों का गठन कर अति शीघ्र कमेटी गठित करने के लिए कहा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यक्रम हो सकें।

# डेढ़ लाख रुपए व मोटर साइकिल न मिलने पर बहू को घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शादी के पांच साल बाद अतिरिक्त दहेज में डेढ़ लाख रुपये और मोटर साइकिल की मांग करने और मांग पूरी न होने पर महिला को घर से बेदखल कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मूल रूप से मध्य प्रदेश के जिला सागर अन्तर्गत मोठी हनुमान गढ़ी निवासी चन्द्रभान पुत्र नरेन्द्र सिंह की पुत्री रितू राजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पहले मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम अनौरा निवासी भोले प्रताप सिंह पुत्र शिवनारायण सिंह से पूरे हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुयी थी। शादी में उसके पिता द्वारा दान दहेज सब कुछ दिया गया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही उसकी सास गुडडी, ससुर शिवनारायण पुत्र स्व.कृपाल सिंह व पति भोले प्रताप सिंह आये दिन कोई न कोई बात को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज में डेढ़ लाख रुपये व एक मोटर साइकिल की मांग ससुरालियों द्वारा की जाने लगी। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसे 20 से 22 अगस्त तक गालियां देते हुये मारपीट की गयी। चोटें होने के बावजूद भी उसका उपचार नहीं कराया गया।

## कैबिनेट टीम के साथ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सन्मति सर्राफ हुए शामिल

# अदभुत, अनुपम और गरिमामय अदिकृत समारोह में इंस्टॉल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 का 29वां कैबिनेट अधिष्ठापन समारोह अदिकृत शनिवार को कल्याण सिंह सभागार में अद्भुत, अनुपम, भव्य और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन सेवा का पर्व बनकर संगठन विस्तार और नेतृत्व विकास की नई दिशा का प्रतीक बना। अदिकृत का अर्थ है कि आदि (शुरुआत) और कृत (सृजन/कर्म)। यह नाम नई शुरुआत को कर्म में बदलने के संकल्प का प्रतीक है। विशेष बात यह कि यह नाम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के पुत्र आदित और पुत्री कृतिका के नामों के संगम से प्रेरित है, जो नई पीढ़ी की ऊर्जा और रचनात्मकता का संदेश देता है। समारोह की थीम रही कि सहजता से दान करें। समारोह का आरंभ सेवा कार्यों से हुआ। 124 जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल प्रदान की गईं, ताकि शिक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले। इसके बाद तुवन मंदिर से आजाद चौक तक भव्य लायन्स परेड निकाली गई, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर किया।



### विशिष्ट उपस्थिति ने बढ़ाई गरिमा

*समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन नरेश अग्रवाल, पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक एवं सीए एरिया लीडर लायन जितेन्द्र सिंह चौहान और विधायक रामरतन कुशवाहा उपस्थित रहे। पूर्व जिला गवर्नर लायन सुभाष जायसवाल स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित न होकर भी आयोजन की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सफलता पर कराया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में ललितपुर लायन्स परिवार का योगदान विशेष उल्लेखनीय रहा। स्वागत द्वार, बैनर, होर्डिंग्स, सजावट, स्वागत बंधन और अतिथियों के अभिनंदन में उनका सराहनीय प्रयास रहा, जिसने पूरे शहर को उत्सवी रंगों से सजा दिया।*

### अतिथियों के विचार

*लायन नरेश अग्रवाल ने कहा कि सेवा सबसे बड़ा उद्योग है। अदिकृत ने यह सिद्ध किया कि जब शुरुआत सृजन से होती है, तो सेवा आंदोलन बन जाती है। लायन जितेन्द्र सिंह चौहान कि मिशन 1.5 हमारी प्राथमिकता है। अदिकृत सेवा और संगठन का नया आयाम है। विधायक रामरतन कुशवाहा कि लायन्स समाज के लिए प्रेरणा हैं। ऐसे आयोजन सकारात्मक बदलाव की दिशा तय करते हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सन्मति सर्राफ ने कहा कि सहजता से दान करें केवल नारा नहीं, बल्कि हमारी कार्यनीति है। अदिकृत इसी सोच का प्रतिबिंब है। ललितपुर सहित झांसी, कानपुर, कालपी, कन्नौज, कायमगंज, फर्रुखाबाद, रायबरेली, हरदोई, हमीरपुर, सुल्तानपुर, जौनपुर और लखनऊ से लायन्स सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।*

### अन्य सेवा पहलें

*लायन्स क्लब ललितपुर सेवा द्वारा पिताजी स्व. श्री किशनचंद्र सर्राफ की स्मृति में मेडिकल फर्नीचर प्रदान। लायन्स क्लब ललितपूर बुंदेलखंड द्वारा वाटर कूलर स्थापना। नवगठित लायन्स क्लब ललितपुर इलाइट द्वारा बच्चों के लिए झूले। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। आयुष्मान एकेडमी की छात्राओं ने गणेश वंदना और महाभारत थीम पर नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की, जबकि युवांस ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का संचालन पीडीजी लायन किरण सिंह, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी लायन राकेश गुप्ता और ब्रजमोहन संज्ञा ने किया। अदिकृत ने यह सिद्ध कर दिया कि लायन्स का वास्तविक गौरव पदों में नहीं, बल्कि सेवा की निरंतरता में है। यह आयोजन संगठन के इतिहास में एक अद्भुत, अनुपम और गरिमामय अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।*

न बनी सड़क, न ही मिला शासन की योजनाओं का लाभ

# प्रशासन की अनदेखी और पुर्नवास का दंश झेलने को मजबूर जीवाजीपुरा के ग्रामीण

डूब क्षेत्र में आने के कारण 24 वर्ष पूर्व ग्रामीणों का दूसरी जगह होना था पुर्नवास जो आज भी अधूरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

यदि प्रदेश में सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत और पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक उसके लाभ की बात की जाए तो राजगढ़ जिले के सारंगपुर जनपद का जीवाजीपुरा गांव उसका सबसे बड़ा अपवाद होगा। जहां के ग्रामीणों को प्रशासन की अनदेखी के चलते आज भी घास-फूंस के कच्चे मकानों में रहने का मजबूर होना पड़ रहा है या कहें की मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। 24 वर्ष पूर्व डूब क्षेत्र घोषित होने के बाद आधे परिवार गांव छोड़कर पुनर्वास स्थल पर चले गए, मगर आज भी करीब 29 परिवार फूस की टपरियों और मिट्टी के मकानों में जीवन-यापन करने को मजबूर हैं। सारंगपुर-संडावता मार्ग से जीवजीपुरा का रास्ता सिर्फ कागजों में ही दर्ज है। गांव तक पहुंचने के लिए झाड़ियों और कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों के पास न तो पक्का मकान है और न ही मूलभूत सुविधाएं।

### कुछ को प्रशासन ने दिए थे पट्टे

पुर्नवास न होने के कारण 2021 में कालीसिंध नदी के पानी से गांव जलमग्न हो गया था। उस समय प्रशासन ने कुछ परिवारों को बालोंडी क्षेत्र में पट्टे देकर बसाया, लेकिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। तब से लेकर अब तक कई ग्रामीण मेहनत मजदूरी कर गांव से बाहर जाकर अपनी जिंदगी बसाने में सफल हुए, लेकिन 29 परिवार आज भी वहीं फूस की झोपड़ियों में रह रहे हैं।

### प्रधानमंत्री आवास ग्रामीणों के लिए बना सपना

गरीब और बेघर परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है, लेकिन जीवजीपुरा के ग्रामीण अब तक इससे वंचित हैं। 90 वर्षीय केशरबाई पति नाथूलाल, सुगनबाई पति रमेश, प्रेम सिंह पिता अमरसिंह, दशरथ पिता हरिसिंह और कमलनाथ सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार पुनर्वास और प्रधानमंत्री आवास की मांग की, लेकिन अब तक किसी योजना का लाभ नहीं मिला। पंचायत की ओर से मात्र एक हैंडपंप ही पानी का सहारा है।

### ग्रामीणों की व्यथा

*ग्रामीणों का कहना है कि डूब क्षेत्र घोषित होने के बावजूद न तो उन्हें मुआवजा मिला और न ही पुनर्वास की कोई ठोस कार्यवाही हुई। हमने बच्चों की परवरिश फूस की टपरियों में की, आधी जिंदगी इसी आस में गुजर गई कि शासन हमें भी एक पक्का घर देगा, ग्रामीणों ने आंसू भरी आवाज में कहा।*

### प्रशासन ने दिया योजनाओं का लाभ पहुंचारने का भरोसा

*इस संबंध में जनपद सीईओ सारंगपुर हेमेंद्र गोविल का कहना है कि वे इस मामले की जानकारी लेंगे और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं एसडीएम सारंगपुर रोहित बम्होरे ने भी आश्वासन दिया कि पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्यवाही की जाएगी।*

पूर्व से जर्जर था भवन, रात्रि में हुआ हादसा

# राजगढ़ ब्लॉक के बहादुरपुरा प्राथमिक स्कूल की छत ढही

## मेंटेनेंस संबंधी प्रस्ताव बनाकर उच्च कार्यालयों को भिजवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में पूर्व से चिन्हित जर्जर स्कूल भवनों की छतें, दीवारें ढहने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में राजगढ़ ब्लॉक के जनशिक्षा केंद्र देहरीनाथ की प्राथमिक शाला बहादुरपुरा की छत शुक्रवार रात्रि अचानक भर-भराकर ढह गई। हालांकि, इस हादसे में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। देहरीनाथ संकुल के जनशिक्षक रामबाबू साहू ने बताया कि जिस स्कूल की छत ढही है वो पूर्व से ही अत्यधिक जर्जर होने के कारण हम यहां शाला संचालित नहीं कर रहे थे बल्कि, गांव के ही सुरक्षित घर में कक्षाएं लगवाई जा रही हैं। स्कूल के अत्यधिक जर्जर होने और आवश्यक मेंटनेंस संबंधी प्रस्ताव बनाकर काफी समय पहले उच्च कार्यालयों को भिजवाया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व सारंगपुर क्षेत्र के कमलसरा गांव के स्कूल भवन एवं देहरीकराड़ पंचायत के ग्राम डाबरी में जर्जर छतों के ढहने के मामले सामने आ चुके हैं।

### जिले में 526 स्कूलों में मरम्मत की दरकार

जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजगढ़ जिले में 526 ऐसे स्कूल हैं जिनमें मरम्मत की आवश्यकता है। इन सभी जर्जर भवनों में आवश्यक मेंटनेंस करवाने संबंधी प्रस्ताव बनाकर पूर्व से राज्य शिक्षा केंद्र को भेजा जा चुका है लेकिन वहां से बजट आबंटन नहीं हुआ है। उक्त 526 में से 239 स्कूल तो ऐसे हैं जिनमें मरम्मत करवाया जाना नितांत आवश्यक है।

## कालीतलाई में संपन्न हुआ विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस



**खुजनेर।** विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस ग्राम कालीतलाई में संपन्न हुआ। जिसमें जिला संगठन मंत्री मुकेश महेश्वरी द्वारा विश्व हिंदू परिषद स्थापना के बारे में बताया जिसमें उपस्थित थे। प्रखंड मंत्री गोविन्द सिंह रूहैला, सोनू, वैभव, दिलीप, मनीष, मोहन, अमन, मांगीलाल, रामेश्वर, कमलेश, राहुल, राकेश, ललित, दिपक, शुभम, गोविन्द, सुमित, सुमित, विशाल, नेतिक मोहित दीपक आदि उपस्थित थे।

# संकुल प्राचार्य ने किया पुस्तकालय अवलोकन

## रीडिंग कैंपेन के तहत पारसाना में पुस्तकालय की महत्ता को बढ़ावा दिया

**सुठालिया।** जिले में रीडिंग कैंपेन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यालयों में पुस्तकालय का नियमित संचालन को प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में शासकीय संदीपनी कन्या उमावि सुठालिया के संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर ने शासकीय हाई स्कूल पारसाना के पुस्तकालय कक्ष का अवलोकन किया। संकुल प्राचार्य ने छात्रों को पुस्तकों के महत्व के बारे में प्रेरित किया और उन्हें मोबाइल का कम उपयोग कर किताबों का अधिक से अधिक अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ने की आदत से न केवल ज्ञान का विस्तार होता है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता भी बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रुचि लेकर पुस्तकालय की गतिविधियों में भाग लिया और शिक्षकों ने भी नियमित रूप से पठन-पाठन की आदत विकसित करने पर जोर दिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर जीवन को बदलने के लिए प्रेरित किया और पुस्तकालय की गतिविधियों में और अधिक रुचि लेने का संकल्प करने के लिए कहा।

बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने केके मेमोरियल स्कूल की पहल

# बच्चों ने बनाई 100 से अधिक मिट्टी निर्मित गणेश प्रतिमाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी गणेशोत्सव को लेकर विभिन्न झांकी समितियों द्वारा अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि अधिकांश स्थानों पर भगवान गणेश की पीओपी निर्मित प्रतिमाओं का निर्माण हो रहा है जो पर्यावरण के लिए काफी खतरनाक साबित होती हैं।

ऐसे में स्कूली बच्चों को पर्यावरण से जुड़ाव को लेकर स्थानीय केके मेमोरियल स्कूल में बीते 10 वर्षों से शाला के बच्चों को मिट्टी से निर्मित गणेशजी की प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस वर्ष भी विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों द्वारा माटी से निर्मित गणेश प्रतिमा को स्कूल में स्थापित करवाया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार को बच्चों द्वारा एक घंटे से भी कम समय में मिट्टी के गणेशजी की 100 से अधिक मूर्तियों का निर्माण किया गया। अब इन मूर्तियों को पहले सुखाया जाएगा एवं उन पर कलर, डेकोरेशन इत्यादि उपरान्त बच्चे अपने-अपने घरों में स्थापित करेंगे। विद्यालय प्राचार्य तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि बच्चों को पर्यावरण की शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण से जोड़ने के उद्धेश्य से समय-समय पर स्कूल में इस तरह के आयोजन करवाए जाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेघा रानी मेवाड़े, पायल चौहान, निशा राजपूत, नंदिनी शर्मा, कविता प्रजापति, अलीसा खान आदि का विशेष सहयोग रहा।

हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की

# लोक अदालत में बिजली प्रकरणों पर मिलेगी राहत




**नरसिंहगढ़।** आगामी 13 सितंबर को जिले व तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इसके प्रति जागरूकता लाने हेतु शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, न्यायाधीश गौरव अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, स्वाति गोयल, अदिति मंडलोई व मीनू दुबे पचौरी ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। यह रैली नगर व ब्लॉक स्तर पर लोगों को जागरूक करेगी। बिजली विभाग के डीई रामपाल सिरसाटे ने बताया कि लोक अदालत में उपभोक्ताओं के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा और उन्हें छूट व राहत भी मिलेगी।

# मातृशक्ति महिला भजन मंडलियों को वाद्ययंत्र बांटे

## मंत्री टेटवाल ने किया शुभारंभ, 51 भजन मंडलियों को मिला संगीतमय संबल




**सारंगपुर।** सोसाइटी फॉर सोशल डेवलपमेंट एंड रिसर्च सेंटर की ओर से बालाजी गार्डन में मातृशक्ति महिला भजन मंडलियों को वाद्ययंत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री टेटवाल ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उनकी माताजी भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। भजन मंडलियों की महिलाओं ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से वातावरण को भावविभोर कर दिया। संबोधन में मंत्री टेटवाल ने कहा कि भजन मंडलियां केवल भक्ति-गान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सत्संग और आध्यात्मिक संवाद के जरिए समाज में धर्म जागरण और सामाजिक समरसता का संदेश देती हैं। यही हमारी सनातन संस्कृति और भारतीय परंपरा की अमूल्य धरोहर है। मंत्री टेटवाल ने 51 महिला भजन मंडलियों को वाद्ययंत्र वितरित किए और कहा कि यह गर्व का विषय है। मातृशक्ति अपने क्षेत्र में समाज और धर्म जागरण की अग्रणी शक्ति के रूप में कार्य करती रहेगी। आयोजन के माध्यम से न केवल वाद्ययंत्र वितरित किए गए, बल्कि समाज में भक्ति, संस्कृति और एकता का सशक्त संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर रेखा टेटवाल, कार्यक्रम प्रभारी नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, नीलम सक्सेना, सोसाइटी के उपाध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी, सचिव सुशील व्यास सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां, भजन मंडली की सदस्याएं तथा सारंगपुर विधानसभा के सभी मंडलों से महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बालू सिंह गुर्जर बने गुर्जर समाज नवयुवक समिति के अध्यक्ष

**माचलपुर।** गुर्जर समाज नवयुवक समिति की बैठक नगर के देवनारायण मंदिर पर आयोजित की गई। जिसमें 26 अगस्त को गुर्जर सम्राट प्रतिहार मिहिर भोज जयंती मानने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही नवयुवक समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष बालू सिंह, सचिव कचनारिया कार्यकारी अध्यक्ष देव सिंह पटेल बामनयाखेडी उपाध्यक्ष जुझार सिंह गुर्जर जैतपुरा सचिव इंद्रसिंह गुर्जर डूंगरी कोषाध्यक्ष देवसिंह पटेल से सचिव अर्जुन सिंह भरूगढ़ गोविंद सिंह मोहाली से कोषाध्यक्ष भगवान सिंह भगोरी प्रेम नारायण कुंडलिया संगठन प्रभारी इंदरसिंह लिंबोदा सुरेंद्र सिंह माचलपुर मीडिया प्रभारी घनश्याम गुर्जर माचलपुर सहसंगठन प्रभारी गोवर्धन सिंह कालिकाबे देवकरण गुर्जर मोहली प्रचार प्रसार प्रभारी अर्जुन सिंह मोहली राधेश्याम मोहली व्यवस्थापक कालू सिंह मल्हारपुरा हेमराज कचनारिया मानसिंह कुंडलिया लक्ष्मण सिंह माचलपुर ऊकारलाल कुंडलिया को समिति में स्थान दिया। साथ ही उपस्थित समाजजनों द्वारा पूरी कार्यकारिणी को बधाई शुभकामनाएं प्रदान की वही कार्यकारिणी गठन होने पर उपस्थित वरिष्ठजनों ने समाज में फैली कुरुतियो को दूर कर समाज में एक नई जागृति लाने का प्रयास करे साथ ही समाज के आने कार्यक्रमों को हर्ष उल्लास के साथ मानने और कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप में मानने की बात कही।

## प्रांत स्तरीय कराते प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यावरा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**ब्यावरा।** प्रांत स्तरीय कराते प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, ब्यावरा के 9 भैया-बहनों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए इनमें से 7 भैया-बहनों का चयन क्षेत्रीय स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए हुआ। स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों में अवनीश नायक, राजवीर लववंशी, अभिषेक मीना, वंश लववंशी, पिंकी लववंशी, साधना मीना और पलक कंडेरा शामिल हैं।वहीं, रजत पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अंजना यादव और सिद्धांत मीना का नाम उल्लेखनीय है। स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थी आगामी क्षेत्रीय स्तरीय कराते प्रतियोगिता में मध्यभारत प्रान्त का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो कि 28 अगस्त से 30 अगस्त तक विदिशा में आयोजित होगी। इस अवसर पर विद्यालय समिति अध्यक्ष चंद्रकांत त्रिपाठी, समिति सचिव अशोक दांगी, विद्यालय प्राचार्य राजीव यादव, वरिष्ठ आचार्य गजेंद्र झाला, खेल शिक्षक किशन बैरागी तथा संरक्षक दीदी प्रीति शुक्ला सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई।

## जितेंद्र नामदेव का निधन



**नरसिंहगढ़।** नगर के निवासी जितेंद्र नामदेव का बीती रात्रि को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम पर किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार व नगरवासी ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनको मुखाग्नि बेटे दामन ने दी।

## कलेक्टोरेट सभागार में प्रगतिशील पेंशनर्स संघ की बैठक आयोजित



**राजगढ़।** कलेक्टोरेट सभागार में शनिवार दोपहर प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम पेंशनरों ने जिलाधीश डॉ. गिरीश मिश्रा को हार-माला पहनाकर स्वागत, अभिनंदन किया। बैठक के दौरान पेंशनरों ने अपने विभिन्न समस्याएं प्रशासन के सम्मुख रखीं। संगठन उपाध्यक्ष राजेंद्र जोशी ने बताया कि जिलाधीश डॉ. मिश्रा से मांग की गई कि वे स्वास्थ्य विभाग को पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन हेतु निर्देशित करें। इसके साथ ही बैठक में डे-केयर सेंटर का प्रस्ताव भी रखा गया साथ ही पेंशनरों ने अपनी-अपनी समस्याएं कलेक्टर के सम्मुख रखीं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी समस्याओं, सुझावों को गंभीरता से सुना एवं उनके निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में संगठन जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव गिरिराज जोशी काका, ब्लॉक अध्यक्ष स्वयं प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष घनश्याम बामनगया, ब्यावरा ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र खटीक सहित अन्य उपस्थित थे।

टीन से निर्मित दुकानें लगाकर रोजाना बढ़ रहे थे कब्जे

# नगर पालिका ने भारत माता चौराहे के आसपास का अतिक्रमण हटवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




नगर के मेन मार्केट सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। इस अतिक्रमण के कारण सड़कें सकरी होने से जहां आए दिन दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं चौराहों की सुंदरता और रौनक भी खत्म हो रही है।

स्थानीय खिलचीपुर नाके के समीप भारत माता चौराहे के आसपास भी कुछ लोगों ने टीन की दुकानें लगाकर धीरे-धीरे अतिक्रमण करना शुरू कर दिया था। नगर पालिका को इस बारे में शिकायत मिलने पर शनिवार को सीएमओ पवन अवस्थी ने स्वयं मौके पर खड़े रहकर चौराहे के आसपास रखी गुमठियों को पीछे शिफ्ट करवाते हुए चौराहे को अतिक्रमण मुक्त करवाया। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में यातायात का अत्यधिक दबाव होने एवं उस पर लगातर बढ़ रहे अतिक्रमण के चलते दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई थी।

### पुराने बस स्टैंड पर फिर से होने लगा अतिक्रमण

स्थानीय पुरा क्षेत्र में पुराने बस स्टैंड पर तत्कालीन कलेक्टर निधि निवेदिता के कार्यकाल में समूचे अतिक्रमण को हटवा दिया गया था। लोग फिर से अतिक्रमण न कर लें इसके लिए शासकीय स्थानों के आसपास फैंसिंग भी करवाई गई थी लेकिन लोगों ने फैंसिंग तक को तोड़कर पुनः अपनी दुकानें लगाते हुए यहां अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। अतिक्रमणकारी धीरे-धीरे यहां अतिक्रमण को विस्तारित करते ही जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका ने मांग की है कि उक्त अस्थाई अतिक्रमण को अगर अभी नहीं हटाया गया तो धीरे-धीरे यह अतिक्रमण स्थाई रूप ले लेगा जिसे हटाना बाद में प्रशासन के लिए टेड़ी खीर साबित हो सकता है।



## विधायक अमर सिंह यादव ने 62 छात्राओं को वितरित की साइकिल

**खुजनेर।** राजगढ़ के विधायक अमर सिंह यादव ने खुजनेर स्थित कन्या शाला स्कूल आयोजन से पहले छात्रों ने पुष्प कमल से विधायक अमर सिंह यादव का स्वागत किया। समारोह के दौरान छात्राओं को 62 साइकिलें वितरित कीं। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को स्कूल आने-जाने में होने वाली परेशानियों से निजात दिलाना और उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। विधायक यादव ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति की कुंजी है, और उनका प्रयास है कि कोई भी छात्रा संसाधनों की कमी के कारण स्कूल न छोड़े। उन्होंने यह भी कहा कि साइकिल मिलने से न सिर्फ उनका समय बचेगा, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बनेंगी। वही स्कूल में पदस्थ शिक्षिकाओं ने पौधरोपण का आयोजन भी किया।